24 korba-bhoomi pg1_Layout 1 6/24/2024 11:51 PM Page 1

हरिभूमि
# कोरबा भूमि
बिलासपुर, मंगलवार 25 जून 2024
दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

4
कल से खुलेंगे स्कूल, मनेगा शाला प्रवेशोत्सव,अब गणवेश का इंतजार



बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल
लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें :- 7400009183

# विकलांग कोटे में नौकरी पाने वाले शिक्षकों की शुरु हुई मेडिकल जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

विकलांग कोटे के आधार पर नौकरी पाने वाले शिक्षकों की मेडिकल जांच की जाएगी। कमिश्नर को इस संबंध में हुई शिकायत के बाद स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों की टीम बना दी गई है, जिनके द्वारा पहले चरण पर 8 विकलांग शिक्षकों को मेडिकल जांच के लिए बुलाया गया है। जिनमें एक महिला व्याख्याता भी शामिल हैं। जिनके विकलांगता प्रमाण पत्र को लेकर पूर्व में भी शिकायत हो चुकी है।

शिक्षा कर्मी भर्ती अधिनियम के तहत भर्ती प्रक्रिया के समय विकलांग कोटे से शिक्षक की नौकरी पाने वाले शिक्षकों की अब सामत आ गई है। जिन्हें नौकरी करते हुए 10वर्ष से अधिक का समय बीत चुका है। विकलांगता प्रमाण पत्र को लेकर पूर्व में भी जिला प्रशासन को शिकायत की गई थी किंतु हमेशा अधिकारियों के द्वारा उदासीनता बरते जाने के कारण केवल विकलांगता प्रमाण पत्र की ही जांच होती थी। जिसमें स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रमाण पत्र जारी करने की पुष्टि होने पर अभ्यर्थी बच निकलते थे। पिछले कुछ समय पूर्व इसकी शिकायत बिलासपुर कमिश्नर को भी की गई जिसके बाद उनके द्वारा कलेक्टर कोरबा को विकलांग कोटे पर शिक्षक की नौकरी पाने वाले अभ्यर्थियों की मेडिकल जांच कराए जाने के आदेश दिए गए। कमीश्नर से मिले आदेश पर अमल करते हुए कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के मेडिकल ऑफिसर की टीम बनाकर जांच के निर्देश दिए हैं। जांच शुरु होते ही पहले चरण में 8 शिक्षकों को नोटिस जारी की गई है।

## शिक्षा विभाग ने स्वास्थ्य विभाग को लिखा है पत्र

**खास बातें**

- कमिश्नर के आदेश पर कलेक्टर ने नियुक्त किए जांच अधिकारी
- 8 शिक्षकों को जांच के लिए नोटिस जारी




### ये थे विकलांग कोटे में

श्रवण बाधित, अस्थिबाधित जैसे विकलांग कोटे पर अभ्यर्थियों ने अपने आवेदन दिए थे। इनमें श्रवण बाधित का मामला ज्यादा चर्चा में है। इस कोटे में भर्ती अभ्यर्थियों को मेडिकल जांच के लिए बुलाया गया है। जिनको लेकर जिला प्रशासन से लेकर कमिश्नर बिलासपुर तक शिकायत की गई है। जिला पंचायत के द्वारा शिक्षाकर्मी भर्ती के दौरान अनुभव और विकलांगता प्रमाण पत्र के आधार पर भर्ती की गई थी जिसमें बड़े पैमाने में गड़बड़ियां हुई थी। राज्य शासन के द्वारा विकलांग कोटे पर भर्ती होने वाले अभ्यर्थियों के लिए विकलांगता भत्ता भी जारी किया जाता है। किंतु विकलांग कोटे में जिले में भर्ती किसी भी अभ्यर्थी ने विकलांगता भत्ता नहीं लिया है। जिसके बाद से उनके प्रमाण पत्र को लेकर सवालियां निशान खड़े हो रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### जिला पंचायत की सामान्य सभा कल

**कोरबा।** जिले में पंचायती राज अधिनियम 1933 की धारा 44 के अधीन सामान्य सभा की बैठक 26 जून को प्रातः 11 बजे जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक के एजेण्डे में शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, आदिवासी विकास विभाग, जिला खनिज न्यास मद अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की समीक्षा तथा 15वें वित्त आयोग वर्ष 2024-25 के कार्ययोजना का अनुमोदन शामिल हैं।

### लेखा समाधान की बैठक 1 जुलाई को

**कोरबा।** लोकसभा चुनाव के परिणाम की घोषणा के 26वें दिन 1 जुलाई को प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में लेखा समाधान बैठक का आयोजन किया जाएगा। इस बैठक में सभी अभ्यर्थियों को अपने निर्वाचन व्यय की न्यूनोक्ति राशि यदि कोई हो तो उसका लेखा समाधान हेतु एक अवसर प्रदान किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी अभ्यर्थियों को बैठक में आवश्यक जानकारी सहित उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया है।

### जिला स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 27 को

**कोरबा।** संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग बिलासपुर के निर्देशानुसार सुब्रतो फुटबॉल कप बालक 15 वर्ष, बालक-बालिका 17 वर्ष का संभाग स्तरीय शालेय प्रतियोगिता का आयोजन 29 जून को सुबह 10 बजे सेंट पलोटी स्कूल मंगला बिलासपुर में किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता के परिपेक्ष्य में जिले में सुब्रतो फुटबॉल कप जिला स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता का आयोजन 27 जून प्रातः 10 बजे डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम बाल्को नगर में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने सभी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, सभी शासकीय/अशासकीय, हाई व हायर सेकेण्डरी स्कूल के प्रचार्यों एवं सभी विकासखण्ड क्रीडा प्रभारी अधिकारियों को जिला स्तरीय शालेय सुब्रतों फुटबॉल कप क्रीड़ा प्रतियोगिता 2024-25 में अपने विद्यालय विकासखंड से फुटबॉल टीम को सम्मिलित कराने हेतु निर्देशित किया है।

### पुरस्कारों के लिए आवेदन आमंत्रित

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ शासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग पद्म विभूषण, पद्म भूषण तथा पद्मश्री पुरस्कार 2025 हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया है। पद्म विभूषण, पद्म भूषण तथा पद्मश्री पुरस्कार के लिये भारत सरकार के गाईडलाईन अनुसार निर्धारित पात्रता एवं मापदण्ड के अनुरूप होने चाहिये। इन पुरस्कारों से संबंधित विधान, प्रपत्र और नियमावली वेबसाईट पर देखे जा सकते हैं। उपरोक्तानुसार खेल के क्षेत्र में भारत सरकार की गाईडलाईन अनुसार खिलाड़ी निर्धारित आवेदन प्रपत्र में पूर्ण कर 8 अगस्त तक जिला कार्यालय खेल एवं युवा कल्याण कोरबा में जमा कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। अन्य जानकारी हेतु आवेदक खेल अधिकारी, जिला खेल एवं युवा कल्याण के मोबाईल नंबर 7067747300 में सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## बाढ़ नियंत्रण केंद्र को इंतजार है बस्तियों में पानी भरने का

# डूबान क्षेत्र में बस रही हैं अवैध बस्तियां, बाढ़ में भरेगा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बाढ़ से निपटने के लिए जिला मुख्यालय से लेकर तहसील मुख्यालय तक बाढ़ नियंत्रण केंद्र बनाए जाने के बाद संसाधनों की कमी बनी हुई है। पिछले एक साल से शहर क्षेत्र के नदी नालों के किनारे बेजा कब्जा कर बस्तियां बसती जा रही है। वह भी ऐसे क्षेत्र जहां हमेशा बरसात में बारिश का पानी भर जाता है और समूचा क्षेत्र प्रशासन के सूची में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में शामिल हैं।

**खास बात**

- शहरी क्षेत्र के नदी नालों के किनारे बन रहे मकान

डूबान क्षेत्रों में बेधड़क बस रही बस्तियों को लेकर प्रशासन गंभीर नहीं है। जिसकी वजह से एक-एक कर सैंकड़ों घर नदी नालों के किनारे डूबान क्षेत्र में बनते जा रहे हैं। ऐसे नदी नाले शहर के उपनगरीय क्षेत्रों के साथ साथ शहरी क्षेत्र के सीमा से गुजरते हैं उसके बावजूद प्रशासनिक अमला डूबान क्षेत्र में बस रही अवैध बस्तियों को रोकने के लिए कोई कार्यवाही नहीं कर रहा है। सीएसईबी चौक से दर्री जाने वाला मार्ग में डेंगुरनाला के किनारे नए घर बनते जा रहे हैं जबकि वह क्षेत्र पूर्व में भी डूबान क्षेत्र के रुप में चिन्हांकित है। यहां बन रहे अवैध मकानों को रोकने के लिए निगम का अमला भी सक्रिय नहीं रहा। निगम के बालको जोन अंतर्गत आने वाले सतनाम नगर के निचले इलाके और डेंगुरनाला के किनारे इन मकानों को बनते देखा जा सकता है। परंतु डूबान क्षेत्र में बस रही अवैध बस्तियों को रोकने कोई कार्यवाही नहीं हो सकी। बीते बरसात में डेंगुरनाला के जिस क्षेत्र में बस्ती बस रही है वहां पानी भर चुका था।



रिसदी मार्ग ढेंगुरनाला के ऊपर बनते नए मकान।

### कटघोरा में अधिकारियों को सौंपी गई जानकारी

बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत के लिए अधिकारी कर्मचारियों की तैनाती की गई है। तहसील कार्यालय में बाढ़ नियंत्रण केंद्र की स्थापना कर कर्मचारियों की तैनाती की गई है। अनुविभागीय अधिकारी के द्वारा ऐसे क्षेत्रों की सूची जारी की गई है जो बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के अंतर्गत आते हैं। इन क्षेत्रों में शिविर लगाने के निर्देश भी दिए गए हैं। कटघोरा अनुविभाग अंतर्गत बाढ़ प्रभावित ग्रामों में जुराली, डुडगा, धवईंपुर, कटघोरा, झोरा, सुमेधा, रामनगर व मांझीपारा शामिल हैं। बाढ़ आने के समय प्रभावितों को इन ग्रामों के स्कूल में शिविर लगाने की तैयारी की गई है।

### शहर के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र

शहर के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों को भी चिन्हांकित किया गया है। जहां बाढ़ का पानी भरता है, इनमें नदियाखार, सीतामणी, राताखार नीचली बस्ती, झोपड़ीपारा पंपहाउस, बालको बेलाकछार, आजादनगर, बीहीबाड़ी परसाभाठा और डेंगुरनाला बस्ती सतनाम नगर आदि शामिल हैं। जहां अक्सर बरसात के समय बाढ़ का पानी घुसने के कारण प्रभावितों को आसपास के स्कूलों में ठहराया जाता है।

# उत्पादन सर्टिफिकेट के अभाव में 56 दिन से सिंघाली खदान में कोयला उत्खनन बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल कोरबा क्षेत्र के सिंघाली खदान को आचार संहिता समाप्त होने के बाद भी अब तक कोयला खनन के लिए छत्तीसगढ़ पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से सीटीओ का प्रमाण पत्र नहीं मिल सका है। खदान में लगभग 600 कोल कर्मी कार्यरत हैं। उक्त कर्मचारी 8-8 घंटे की तीन शिफ्टों में खदान में काम करते हैं। कुछ कर्मचारी खदान के कार्यालय में भी कार्यरत हैं। जब से खदान में काम बंद है तब से प्रबंधन को इन कर्मियों को बिना काम के वेतन देना पड़ रहा है। रोजाना आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ रहा है।

**खास बातें**

- छत्तीसगढ़ पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से नहीं मिला सर्टिफिकेट
- कोयला निकाल पाने में नाकाम हो रहा है प्रबंधन, हाजरी लगाकर खाली हैं कर्मी

उल्लेखनीय है कि लोकसभा चुनाव में अधिकारियों की व्यस्तता के कारण सर्टिफिकेट मिलने में देरी हुई। लोकसभा चुनाव परिणाम आने के बाद 5 जून को चुनाव आयोग द्वारा आचार संहिता भी समाप्त कर दी गई। बावजूद इसके एसईसीएल को पाल्यूशन कंट्रोल बोर्ड से सीटीओ प्रमाण पत्र नहीं मिल रहा है। इससे सिंघाली में कोयला खनन का संकट पैदा हो गया है। एक तरफ हाजिरी लगाकर मजदूर काम किए बिना लौट जा रहे हैं तो दूसरी ओर उत्पादन नहीं होने से कंपनी की आर्थिक स्थिति खराब हो रही है। इस स्थिति में कंपनी को दो-दो मोर्चों पर नुकसान उठाना पड़ रहा है। खदान के भीतर पंप चलाने या इलेक्ट्रिक जैसे अन्य महत्वपूर्ण कार्यों के लिए ही कंपनी काम करा पा रही है। 28 अप्रैल से इस खदान से कोयला उत्पादन बंद है। सीटीओ प्रमाण पत्र राज्य पाल्यूशन कंट्रोल बोर्ड की ओर से कोयला कंपनी को खनन के लिए दिया जाता है। यह प्रमाण पत्र हर साल रेन्यूअल होता है। वर्तमान में प्रमाण पत्र की वैधता 27 अप्रैल को खत्म हो चुकी है, तब से यहां से कोयला खनन बंद हो गया है। 56 दिन का समय बीत गया है लेकिन सीटीओ प्रमाण पत्र एसईसीएल को नहीं मिला है। इससे कंपनी का स्थानीय प्रबंधन परेशान है। चाहकर भी मेन पावर का इस्तेमाल खनन के लिए नहीं कर पा रहा है। एसईसीएल की सिंघाली कोयला खदान से हर माह औसत 24 हजार टन कोयला उत्पादन होता है। प्रतिदिन औसत 600 से 700 टन कोयला निकलता है। जब से खदान में उत्पादन ठप है तब से खदान के भीतर फेस पर कोयला खनन का कार्य भी बंद है। खदान के भीतर चलने वाली भारी मशीनें खड़ी है।



# शॉर्ट सर्किट से मकान में लगी आग पिता ने बचाई बच्चों की जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गर्मी के सीजन में आग लगने की घटनाएं कम होने का नाम नहीं ले रही है। शारदा विहार वार्ड क्रमांक 12 के अंतर्गत अमरैयापारा में एक मकान में अचानक आगजनी की घटना घटित होने से परिवार के लोग दहशत में आ गए। इस दौरान पिता ने साहस का परिचय देते हुए आग की लपटों के बीच फंसे अपने बच्चों को बाहर निकालकर उनकी जान बचाई।

मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत शारदा विहार वार्ड के अमरैयापारा में आगजनी की यह घटना सोमवार की सुबह 8 बजे के आसपास हुई। इस क्षेत्र में निवासरत पदम लाठियां के मकान में शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने विकराल रुप धारण कर दिया। आगजनी से मकान में रखे कई सामान जलकर खाक हो गए।मकान मालिक पदम लाठियां ने आपात स्थिति के बीच हिम्मत से काम लिया और उसकी पत्नी ने मोर्चा संभालने के साथ दूसरे कमरे में सो रहे बच्चों को बचाने में जुट गए। इस बीच आसपास के लोगों को जानकारी होने पर लोगों की भीड़ वहांएकत्र हो गई। अमरैय्यापारा में आगजनी होने की जानकारी मिलने पर नगर निगम के महापौर राजकिशोर प्रसाद सहित अन्य रूप यहां पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। इस प्रकार की घटनाओं में प्रभावित पक्ष को राहत देने के लिए प्रावधान भी बनाए गए हैं।



आगजनी के बाद परिजनों से मिलने पहुंचे महापौर।

# रेलिंग से टकराई बाइक, ओवरब्रिज से नीचे गिरे दो युवक, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दोस्त का जन्मदिन मनाकर वापस लौट रहे बाइक सवार दो युवक जैसे ही भैसमा रेलवे फाटक पर बनी ओवरब्रिज पर पहुंचे बाइक पर उनका नियंत्रण खो गया और तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक ओवरब्रिज के बाउंड्रीवाल से टकराकर 25 फीट नीचे जा गिरी। इस हादसे में बाइक सवार दोनों युवक की मौत हो गई।




मृतक

घटना उरगा थाना क्षेत्र की है। पाली पडनिया निवासी आकाश 22 वर्ष और नितेश 26 वर्ष दोस्त का जन्मदिन मनाकर वापस लौट रहे की वे दोनों भैसमा रेलवे फाटक पर बनी ओवरब्रिज से 25 फिट नीचे गिर गए। देखते ही देखते राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। युवकों को जिंदा समझ कर 112 के माध्यम से अस्पताल के भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मृतक के चाचा रूप कुमार कंवर ने बताया कि आकाश का आज जन्मदिन है और वह अपने दोस्तों के साथ भैसमा के पास पिकनिक मनाने गया हुआ था। नितेश और आकाश दोनों ने उनसे घूमने जाने की बात कह कर बाइक मांगी। दोस्तों के साथ पिकनिक से वापस लौट रहे थे।



घटनास्थल में पड़े मृतकों के शव।

**खास बात**

- उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम कुकरीचोली के समीप हुई घटना

### रफ्तार बनी वजह

बाइक पुल के ऊपर पड़ी हुई थी, वहीं दोनों नीचे जा गिरे थे। दोनों के सिर पर गंभीर चोट आई। जिस वजह से दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी उरगा थाना पुलिस को दे दी गई है। पुलिस घटनास्थल पहुंच कर मामले की जांच शुरू की है।

## पंचायतों में शासकीय कार्यों की समीक्षा के लिए होनी थी ग्राम सभा

# पंचायत सचिव के हड़ताल पर जाने से ग्रामसभा के कामकाज रहे ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

चार सूत्रीय मांगों को लेकर छग पंचायत सचिव संघ के आहवान पर जिला इकाई ने सोमवार को अनिश्चितकालीन धरने की शुरुआत कर दी, जिससे अधिकांश ग्राम पंचायतों में सोमवार को होने वाली ग्राम सभा का आयोजन नहीं हो सका। ऐसे पंचायत सचिव की सूची तैयार की जा रही है जो हड़ताल पर गए हैं।

चार सूत्रीय मांगों को लेकर पंचायत सचिव संघ की जिला इकाई ने बीते 12 जून को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर मांगों के पूरा नहीं होने की स्थिति में 24 जून से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी थी। मांगे पूरी नहीं होने की स्थिति में पंचायत सचिव संघ के बैनरतले ग्राम पंचायतों के सचिव आईटीआई चौक में अनिश्चितकालीन धरने की शुरुआत कर दी। एक दिन पूर्व ही जिला प्रशासन ने 24 जून को सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा आयोजित करने के निर्देश दिए थे। जिले में पंचायत सचिव संघ के हड़ताल पर रहने से अधिकांश ग्राम पंचायतों में सचिव पहुंचे ही नहीं। वहीं सरपंच और उप सरपंच ग्राम सभा में उपस्थित रहे।



धरना देते पंचायत सचिव।

### समस्याओं का हुआ निराकरण, समय पर मिलेगा वेतन

उप संचालक पंचायत जिला द्वारा जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में कार्यरत पंचायत सचिवों की मांग/समस्याओं का निराकरण किया गया है। उप संचालक पंचायत कोरबा ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास निर्माण कार्य में सचिवों के कार्य प्रगति अनुसार उनका माह अप्रैल एवं मई का वेतन भुगतान किया जा चुका है। सचिवों के वेतन भुगतान एक निश्चित तारीख तक किए जाने के संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पत्र जारी किया गया है। जनपद पंचायत से प्राप्त पे-डाटा अनुसार माह की 5 तारीख तक वेतन भुगतान कर दिया जाएगा। लंबित वेतन भुगतान के विषय में जनपद पंचायतों में कार्यरत ग्राम पंचायत सचिव जिनका पूर्व में किसी कारणवश वेतन रोका गया है, उनके लिए संबंधित जनपद पंचायतों से प्राप्त विस्तृत प्रतिवेदन के आधार पर पात्रता होने पर लंबित वेतन का भुगतान किया जाएगा। इसके साथ ही कुल ग्राम पंचायत सचिव 187 की एरियर्स राशि 4 करोड़ 76 लाख 29 हजार 625 रूपए का भुगतान कर दिया गया है।

### ये काम हुए प्रभावित

पंचायत सचिव के हड़ताल पर जाने से शासन महत्वकांक्षी योजना के कार्य प्रभावित हुए। जिनमें सबसे महत्वपूर्ण प्रधानमंत्री आवास योजना है, जिसमें हितग्राहियों के द्वितीय किश्त की राशि जारी करवाना शामिल है। इनके अलावा महात्मागांधी रोजगार गारंटी योजना से चल रहे कार्यों का मजदूरी भुगतान, निर्माण सामग्री के भुगतान जैसे कार्यों की समीक्षा जारी है। पेयजल व्यवस्था, वन अधिकारी पत्र का वितरण तथा पंचायतों में हुए निर्माण कार्यों की वित्तीय स्थिति की समीक्षा करना शामिल है।

### प्रयास स्कूल की रिक्त सीटों पर प्रवेश जारी

**कोरबा।** प्रयास आवासीय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में कक्षा 11वीं के रिक्त सीट हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 6 जुलाई रात्रि 12 बजे तक निर्धारित की गई है। भरे गए ऑनलाइन आवेदन में त्रुटि सुधार हेतु 7 से 9 जुलाई की तिथि निर्धारित है। प्रवेष हेतु प्रवेश परीक्षा 21 जुलाई प्रातः 11 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक आयोजित होगी। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि विद्यार्थी प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन फॉर्म की जानकारी संबंधित विकासखण्ड के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छुरीकला] लाफा पाली] पोड़ी-उपरोड़ा, प्रयास आवासीय विद्यालय डिंगापुर में संपर्क कर प्राप्त कर सकते हैं। विद्यालय में प्रवेष हेतु नियमावली एवं प्रवेश नीति का अवलोकन किया जा सकता है।



# 27 साल बाद वादा निभाने आ रहा है फौजी...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सन्नी देओल ने अपनी आने वाली फिल्म बार्डर 2 का अनाउंसमेंट वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। जेपी दत्ता के निर्देशन में बनी सुपरहिट फिल्म बार्डर वर्ष 1997 में रिलीज हुई थी। फिल्म 'बॉर्डर' में सन्नी देओल,अक्षय खन्ना, सुनील शेट्टी,जैकी श्रॉफ, पूजा भट्ट, राखी, तब्बू समेत कई कलाकार नजर आये थे। फिल्म बार्डर 2 का निर्माण भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, जेपी दत्ता और निधि दत्ता करेंगी और निर्देशन अनुराग सिंह करने वाले हैं। सन्नी देओल ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर फिल्म बार्डर के सीक्वल बॉर्डर 2 का अनाउंसमेंट वीडियो शेयर किया है।

## लाइफ Style



# पायल

## रेलवे में यात्रियों के लिए क्लाउड किचन किया लांच

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इंडियन एक्ट्रेस और रियलिटी टीवी स्टार पायल रोहतगी, जिनका बेबाकपन उनके व्यक्तित्व की पारदर्शिता दर्शाता हैं। सच्चाई तो यह है कि अब एक्टिंग ही पायल की सफलता का दायरा नही हैं बल्कि अब ये एक बिज़नेस वीमेन भी बन चुकी हैं।

जी हां पायल ने भारतीय रेलवे में यात्रियों की सेवा के लिए क्लाउड किचन लॉन्च करके एक महत्वपूर्ण उद्यमशीलता की छलांग लगाई है। इस पहल का उद्देश्य ट्रेन यात्रियों के लिए उनके सफर के दौरान ताज़ा तैयार, उच्च गुणवत्ता वाला भोजन उपलब्ध कराकर उनके खाने के अनुभव को बेहतर बनाना है। पायल रोहतगी ने मनोरंजन उद्योग में एक उल्लेखनीय करियर बनाया है, वह हिंदी फिल्मों और बिग बॉस और लॉक अप जैसे रियलिटी टीवी शो में दिखाई दी हैं, जहाँ वह उपविजेता रहीं। अपने मनोरंजन के शौक से परे, पायल के पास कंप्यूटर इंजीनियरिंग की डिग्री है और वह गुजरात बोर्ड में शीर्ष स्कोरर थीं, जिसने उनकी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। एक साल पहले, पायल ने आगरा में एक समारोह में अंतरराष्ट्रीय पहलवान संग्राम सिंह के साथ शादी के बंधन में बंधी, जो उनके निजी जीवन में एक नया अध्याय था। पायल ने परियोजना के बारे में कहा क्लाउड किचन भोजन की समय पर और कुशल डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए भारतीय रेलवे के व्यापक नेटवर्क का उपयोग करेगा। हमारी क्लाउड किचन अवधारणा हमें यात्रियों को स्वादिष्ट, पौष्टिक भोजन प्रदान करने की अनुमति देती है, जिससे वे उच्च गुणवत्ता वाले भोजन के साथ अपनी यात्रा का आनंद ले सकें।

## हॉलीवुड मसाला



# नहीं रहे सुपरस्टार डोनाल्ड...

**लॉस एंजिलस।** फिल्मी दुनिया से एक बुरी खबर सामने आ रही है. कनाडा के सबसे बहुमुखी और प्रतिभाशाली एक्टर्स में से एक डोनाल्ड सदरलैंड का 88 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। उन्होंने 'ऑर्डिनरी पीपल' और 'हंगर गेम्स' जैसी फिल्मों में काम किया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार लॉस एंजिल्स में फेमस एक्टर ने लंबी बीमारी के बाद दुनिया को अलविदा कह दिया। एक्टर के निधन की जानकारी उनके बेटे किफर सदरलैंड ने दी।



# अब फ्रांस व ब्रिटेन में भी रिलीज होगी 'गर्ल्स विल बी गर्ल्स'...

**लॉस एंजिलस।** ऋचा चड्डा और अली फजल बॉलीवुड के पावर कपल हैं। यह जोड़ी एक तरफ अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में हैं, तो वहीं अपने प्रोडक्शन में बनी फिल्म 'गर्ल्स विल बी गर्ल्स' को लेकर लगातार सुर्खियों में हैं. यह फिल्म इंटरनेशनल लेवल पर धूम मचा रही है। अब यह जल्द ही फ्रांस और ब्रिटेन में रिलीज होगी। बता दें 'गर्ल्स विल बी गर्ल्स' का डायरेक्शन शुचि तलाठी ने किया है। 'गर्ल्स विल बी गर्ल्स भारत के पुशिंग बटन स्टूडियो, फ्रांस के डोल्से वीटा फिल्म्स और ब्लिंक डिजिटल के बीच एक इंडो-फ्रेंच सह-निर्माण है। इस मौके पर ऋचा ने कहा, 'हमें यह देखकर बेहद गर्व है कि 'गर्ल्स विल बी गर्ल्स को ग्लोबल प्लेटफॉर्म पर काफी सराहा जा रहा है। हम फ्रांस और यूके की ऑडियंस के फीडबैक को जानने के लिए एक्साइटेड हैं जो इसे सबसे पहले एक्सपीरियंस करेंगे। एक्ट्रेस ने कहा कि 'वह फिल्म को ग्लोबल लेवल पर मिल रहे प्यार से बेहद खुश हैं।



# 'नागवधू-एक...' में नजर आएंगी पोलोमी

**मुंबई।** टीवी की मशहूर एक्ट्रेस पोलोमी दास ने 'पौराशपुर', 'नागिन 6' और 'बारिश' जैसे शो से दर्शकों के दिलों में अपनी जगह बनाई है। वह जल्द ही 'नागवधू-एक जहरीली कहानी' में नजर आएंगी। उन्होंने शो में अपने किरदार सनवरी के बारे में खुलकर बात की और कहा कि यह सीरीज एक महिला के संघर्ष को दिखाती है। पोलोमी ने कहा, "मेरा किरदार सनवरी भारत के एक छोटे से गांव में रहती है। उसका पूरा गांव बहुत सारे अंधविश्वास के साथ जीता है। वह शादीशुदा है। शो की कहानी उसकी जिंदगी में शादी के बाद आए बदलाव पर आधारित है। वह अंदर से पूरी तरह से टूट चुकी है। 'नागवधू-एक जहरीली कहानी' सीरीज एक ऐसी महिला के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसको लेकर चर्चाएं हैं कि वह जिस भी लड़के के साथ रात बिताती है, उसकी हत्या कर देती है।



# 'घायल शेर...' गर्दा काटने आ रहे हैं गुड्डू भैया

**नई दिल्ली।** पॉपुलर क्राइम-ड्रामा सीरीज 'मिर्जापुर' के तीसरे सीजन का इंतजार कर रहे फैंस को मेकर्स ने सरप्राइज दिया है। दरअसल मेकर्स ने जहां इस सीरीज की रिलीज डेट अनाउंस कर दी है तो वहीं 'मिर्जापुर 3' की पहली झलक टीजर से सामने आ गई है। मेकर्स ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर लिखा है-" मिर्जापुर सीजन 3 का प्रबंध कर दिए हैं, डेट नोट कर लीजिए, मिर्जापुर प्राइम पर 5 जुलाई को रिलीज होने वाली है। इसमें पंकज त्रिपाठी कालीन भैया का अहम रोल प्ले करेंगे। साथ ही सबके चहेते अली फजल गुड्डू भैया के रोल में दिखाई देंगे। इस सीरीज में रसिका दुग्गल, विजय वर्मा, श्वेता त्रिपाठी जैसे कई कलाकार नजर आएंगे। शो में इस बार मुन्ना भैया का रोल निभाने वाले दिव्येंदु शर्मा नजर नहीं आएंगे।

## टीवी मसाला



# बिग बॉस : इस बार हर सीजन से होगा अलग

**मुंबई।** रिएलिटी शो 'बिग बॉस ओटीटी 3' के ग्रैंड प्रीमियर का आगाज जियो सिनेमा पर हो गया है और इस बार शो को फिल्म अभिनेता अनिल कपूर होस्ट कर रहे हैं। इस बार का 'बिग बॉस' बेहद खास होने वाला है, क्योंकि इसमें टीवी-फिल्मों के कलाकार के साथ यूट्यूबर्स और कंटेंट क्रिएटर्स भी अपना दम दिखाने वाले हैं। सबसे खास बात ये है कि इस बार घर के अंदर एक बाहर वाला होगा। यानी जासूस, जो अंदर बैठकर बाहर की खबर रखेगा। रिपोर्ट के मुताबिक, 'बिग बॉस' ने सभी कंटेस्टेंट को बारी-बारी से कन्फेशन रूम में बुलाया और उन्हें मोबाइल फोन दिए। इसके जरिए वह दूसरे कंटेस्टेंट्स से बात कर सकेंगे और बिग बॉस से मैसेज रिसीव कर पाएंगे। इसमें उन्हें समय का भी पता चलता रहेगा। इसमें सिम नहीं होगा। आपको बता दें 'बिग बॉस ओटीटी सीजन 3' का ग्रैंड प्रीमियर 21 जून की शाम 9 बजे हो चुका है।

### लव कटारिया को फोन देकर बिग बॉस ने दी सलाह

बिग बॉस ने लव कटारिया को फोन देते हुए कहा कि वह न तो इसे किसी के साथ शेयर करेंगे और न किसी और सदस्य को दिखाएंगे। न ही अपना पासकोड किसी और को बताएंगे। इस पर एक एप्लीकेशन है, चैट एप्लीकेशन, इससे दूसरे सदस्यों के साथ चैट कर सकेंगे। ये मौका अभी नहीं, बाद में मिलेगा।


### सना सुल्तान हैं शो की पहली जासूस

वहीं, सना सुल्तान, जो कि एजेंट बनकर गई हैं, वह बाहरवाली हैं और उन्हें बिग बॉस के जरिए सारी जानकारी मिलती रहेगी। बिग बॉस ने उन्हें बताया है कि उन्हें इम्युनिटी मिलेगी और उन्हें नॉमिनेट नहीं किया जाएगा लेकिन अगर लोगों को लगता है कि वह जासूसी अच्छे से नहीं कर रही हैं तो उनकी जगह दूसरा कोई कंटेस्टेंट ले सकता है और हर हफ्ते जासूस बदला जाएगा।

### बिग बॉस में इस बार नजर आएंगे ये

बिग बॉस ओटीटी 3' में इस बार काफी कुछ नया देखने को मिलेगा। इस घर में दिल्ली की 'वड़ा पाव गर्ल' चंद्रिका दीक्षित, रूरल एरिया इन्फ्लुएंसर शिवानी कुमारी, यूट्यूबर अरमान मलिक और उनकी दोनों पत्नियां , पत्रकार दीपक चौरसिया समेत कई अलग-अलग चेहरे नजर आएंगे। सलमान खान की जगह अनिल कपूर तो नजर आ ही रहे हैं। इसके अलावा नियमों में भी काफी बदलाव किए गए हैं। अभी फोन और एजेंट वाली चीजें जोड़ी गई हैं। आने वाले समय में और भी कुछ धमाका हो सकता है।

# राजकुमार ने 24 में से दी 17 फ्लॉप फिल्में...



**नई दिल्ली।** साल 2010 में करियर की शुरुआत करने वाले राजकुमार राव आज किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं। अपने करियर में वह अब तक सिर्फ एक ही ब्लॉकबस्टर दे पाए हैं। एक्टर ने अपनी लाइफ में ऐसा भी समय देखा है जब उनके पास फीस भरने तक के पैसे नहीं थे। राजकुमार राव की कई ऐसी फिल्में हैं जिन्होंने बॉक्स ऑफिस पर खास प्रदर्शन नहीं किया। इसमें करीब 17 फिल्में हैं, जो फ्लॉप की कैटेगरी में रहीं। वहीं, सुपरहिट केवल एक फिल्म रही। राजकुमार राव ने अपने 24 साल के करियर में महज एक सुपरहिट फिल्म दी है। उनकी ये फिल्म 100 करोड़ क्लब में शामिल होने वाली पहली फिल्म थी। इतने साल के करियर में राजकुमार ने सिर्फ एक 100 करोड़ी यही एक फिल्म दी थी, जिसका नाम है 'स्त्री'। बॉलीवुड एक्टर राजकुमार राव इन दिनों जान्हवी कपूर संग फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' में नजर आ रहे हैं। अपने 14 साल के करियर में उन्होंने कई हिट और फ्लॉप फिल्मों में काम किया है। करियर की शुरुआत में उन्होंने कई छोटे-छोटे रोल निभाए, लेकिन देखते ही देखते वह इंडस्ट्री के स्टार बन गए। राजकुमार राव ने अपने करियर की शुरुआत साल 2010 में फिल्म 'लव सेक्स और धोखा' से की थी। इसके बाद सालों तक स्ट्रगल करने के बाद उन्हें सही मुकाम मिला और उनके किरदार लोगों को पसंद आने लगे। लेकिन बीते कुछ समय से वह किसी हिट फिल्म में नजर नहीं आए हैं। हालांकि, अपने हर किरदार के लिए वह काफी हार्ड वर्क करते हैं।

# वेब सीरीज में धमाल मचाने के लिए तैयार



**मुंबई।** पिछले कुछ साल फिल्मों, वेब प्रोजेक्ट्स और म्यूजिक वीडियो में धूम मचाने वाली अलंकृता अब वेबसीरीज में धमाल मचाने तैयार हैं। प्रतिभाशाली और मेहनती अभिनेत्री अब अपनी अगली वेब श्रृंखला 'पति पत्नी और कांड' के लिए पूरी तरह तैयार है, जो एमएक्स प्लेयर, अतरंगी और जियो सिनेमा के सहयोग से है। अलंकृता इस प्रोजेक्ट में सुनैना का किरदार निभा रही हैं और हम बेहद उत्साहित हैं। इसके बारे में पूछे जाने पर, अलंकृता ने कहा कि भगवान का शुक्रिया, पिछला साल विशेष रूप से मेरे लिए काफी अच्छा रहा है। मेरे काम को अच्छे पुरस्कारों के साथ मान्य किया गया है और उन्हें नए अच्छे काम के साथ आगे बढ़ाया गया है। टिप्पी विशेष थी और उसके लिए मुझे जो प्यार मिला उसके बाद मैं अपनी अगली फिल्म में कुछ दिलचस्प और अलग करने की उम्मीद कर रही थी और तभी 'पति पत्नी और कांड' मेरे पास आई जिसमें मेरा किरदार सुनैना का है। मैं वास्तव में इस परियोजना में अच्छा प्रदर्शन करने और एक बार फिर अपने दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए उत्सुक हूं।

## पहली पत्नी से तलाक के बाद इन सितारों को दोबारा हुआ प्यार

# बॉलीवुड के इन अभिनेताओं को तलाक के बाद मिला सच्चा प्यार

***मुंबई।*** *बॉलीवुड सितारे अक्सर अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में रहते हैं। इंडस्ट्री में ऐसे कई अभिनेता हैं, जिन्होंने अपनी लंबी शादी के बाद तलाक ले लिया और इसके बाद उन्हें सच्चा प्यार मिला। ऋतिक रोशन जैसे ऐसे कई कलाकार हैं, जिन्होंने अपनी शादी के कई सालों बाद तलाक लिया। पहली पत्नी से तलाक के बाद इन सितारों को दोबारा प्यार हुआ और अब वे अपनी जिंदगी में बेहद खुश हैं। आइए उनके बारे में जानते हैं।*



**ऋतिक रोशन :** ऋतिक और सुजैन खान ने 2013 में शादी के 13 साल बाद अलग होने का फैसला किया था। उनकी लव मैरिज साल 2000 में हुई थी, जिसके बाद दोनों के 2 बेटे हुए। तलाक के बाद अब ऋतिक और सुजैन दोनों को ही प्यार मिल गया है। ऋतिक इन दिनों अभिनेत्री सबा आजाद को डेट कर रहे हैं, जो उनसे 12 साल छोटी हैं। ऋतिक और सबा अक्सर एक-दूसरे पर प्यार लुटाते दिखते हैं।



**अर्जुन रामपाल :** अभिनेता अर्जुन रामपाल अपनी पेशेवर जिंदगी के साथ-साथ अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी खूब सुर्खियां बटोरते हैं। उन्होंने 1998 में सुपरमॉडल मेहर जेसिया से शादी की थी। दोनों की शादी 20 साल चली और 2019 में उनका तलाक हो गया। अर्जुन और मेहर की 2 बेटियां हैं। मेहर से तलाक के बाद अर्जुन का अफेयर साउथ अफ्रीकी मॉडल गैब्रिएला से शुरू हुआ। दोनों पिछले काफी वक्त से लिव इन में रह रहे हैं और उनके 2 बेटे हैं।




**सैफ अली खान और अरबाज खान :** सैफ अली खान ने 1991 में अभिनेत्री अमृता सिंह से शादी की थी। 13 साल बाद 2004 में दोनों का तलाक हो गया और सैफ ने करीना कपूर के साथ अपना घर बसाया, जिनके साथ उनके 2 बेटे हैं। उधर अरबाज खान और मलाइका अरोड़ा ने 18 साल तक शादी में रहने के बाद 2016 में अलग होने का फैसला किया। उनका एक बेटा है। 2023 अरबाज ने खुद से 25 साल छोटी मेकअप आर्टिस्ट शूरा खान से शादी की।



**पुलकित सम्राट और फरहान अख्तर :** पुलकित सम्राट ने 4 साल की डेटिंग के बाद अभिनेत्री कृति खरबंदा से इसी साल शादी रचाई। इससे पहले उन्होंने 2014 में सलमान खान की राखी बहन श्वेता रोहिरा से शादी की थी, लेकिन शादी के 11 महीने बाद दोनों अलग गए थे। दूसरी ओर फरहान अख्तर ने 1998 में सेलेब हेयरस्टाइलिस्ट अधुना भबानी से शादी की थी। 16 साल साथ रहने के बाद उनका तलाक हुआ। फिर फरहान को शिबानी दांडेकर से प्यार हुआ। 2022 में उनकी शादी हुई।





## खबर संक्षेप



### बिजली के पैनल बॉक्स खुले लोगों के लिए बना खतरा

**कोरबा।** जिले में मानसून की शुरुआत हो चुकी है। सब अपने-अपने तरीके से जतन करने में लगे हुए हैं ताकि बरसात में किसी प्रकार की दिक्कत का सामना ना हो, लेकिन लगता हैं कि बिजली विभाग इसे लेकर गंभीर नहीं है। ट्रांसफार्मर में लगाए गए डिब्बे खुले हैं। इससे कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। विभाग ने इनमें दरवाजे भी लगाए हैं, लेकिन यह दरवाजे कभी बंद नहीं रहते और बहुत से डिब्बो से भी दरवाजे गायब हैं। इसी कड़ी में पं.रविशंकर शुक्ल नगर के पूरे वार्ड में कई जगहों पर बिजली के खंभों के नीचे पैनल बॉक्स खुले पड़े हैं। इसकी वजह से हादसा होने की आशंका बनी रहती है। बिजली विभाग के अधिकारी खुले पैनल से बेखबर हैं। अगर समय रहते समस्या का हल न हुआ तो कोई और बड़ा नुकसान होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। वार्ड पार्षद अब्दुल रहमान ने बताया कि पूरे वार्ड में बिजली व्यवस्था बुरी तरह चरमराई हुई है, हल्की सी हवा चलने पर घंटों बिजली बंद हो जाती है। वार्ड में स्थित बिजली खंभे, तार और जगह-जगह लगे ट्रांसफार्मर एवं फ्यूज बॉक्स बरसों पुराने हैं, जिन्हें बदलना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इन समस्याओं के लिए जल्दी विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों से पत्राचार किया जाएगा, ताकि वार्ड में हो रही समस्याओं से राहत मिल सके।

### महान समाज सुधारक थे संत सम्राट कबीर : प्रेमचंद



**दीपका।** सार्वजनिक कबीर सत्संग भवन दीपका गेवरा में पंथानुयाइयों द्वारा कबीर प्राकट्य दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम कबीर के मुर्ति का अनावरण अतिथियों द्वारा किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि विधायक प्रेमचंद पटेल थे। उन्होंने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि संत संम्राट कबीर ऐसे महान परम ब्रम्ह संत थे जिनका न जन्म हुआ न मरण, काशी लहर तारा तालाब के कमल फुल पर सुन्दर बालक के रुप में प्रकट हुए और नीरु नीमा ने अपने घर लाकर पालन पोषण किया। तब से प्राकट्य दिवस के रुप में उनके जयंती को मनाते हैं। समारोह में पोषक महंत, शिवचरण प्रसाद राठौर, सुखचैन दास, काली दास, बजरंग दास, चित्रादेवी महंत, मथुरा महंत, मालती महंत, भारती महंत, रामेश्वर प्रजापति, डी तिवारी, उत्तरा कुम्भकार, कुसुम कैवर्तय, श्रीमती यादव, दुर्गा साहु आदि उपस्थित रहे। समारोह का संचालन व आभार सुरज दास मानिकपुरी ने किया।

### धूमधाम के साथ मनाई गई कबीर जयंती



**कटघोरा।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर पंचायत छुरी के वार्ड क्रमांक 12 में संत कबीर दास की जयंती धूमधाम के साथ मनाया गया। समिति के अध्यक्ष ने बताया कि कबीर दास का जन्म 1440 में वाराणसी में हुआ था। वे एक प्रतिष्ठित भारतीय कवि-संत थे, जिनका सभी धर्मों के लोग सम्मान करते थे, चाहे वे हिंदू हों, मुस्लिम हों या सिख कबीर का जन्म एक रहस्य बना हुआ है। उनकी कविताएं और पद्य धर्म में बढ़ते भौतिकवाद पर सवाल उठाते हैं और लोगों को भक्ति और आध्यात्मिकता का मार्ग अपनाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। एक किंवदंती के अनुसार उनका जन्म एक ब्राह्मण परिवार में हुआ था और उनका पालन-पोषण एक मुस्लिम बुनकर ने किया था। हालाँकि, संत कबीर दास के जन्म के बारे में कोई प्रामाणिक जानकारी नहीं है तत्पश्चात सभी ने मिलकर संत शिरोमणि कबीर साहेब की पूजा अर्चना की गई व सभी को मिठाई स्वरूप प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद मधु राजकुमारअग्रवाल, सन्तोष दास, गंगादास, सपूरनदास, जोहनदास, विनोददास, मोहनदास, सुनील, बन्धनदास सहित समाज की सभी महिलाएं व बच्चे उपस्थित रहे।

### बेलाकछार में मना प्राकट्य दिवस

**बालको।** ग्राम बेलाकछार में बड़े धूमधाम से मनाया गया। प्रतीमा स्थल बस स्टैंड से ग्राम पंचायत बेला कछार में शोभायात्रा में समस्त मानिकपुरी पनिका समाज ने सात्विक चौका आरती कर अतिथि का सम्मान किया। जिसका मुख्य अतिथि पूर्व गृहमंत्री ननकी राम कंवर विशिष्ट अतिथि नरेंद्र देवांगन एवं महंत समाज के जिला अध्यक्ष संतोष दास ब्लॉक अध्यक्ष रेशम दस महंत, सुसायती अध्यक्ष लक्ष्मण दास महंत, दिनेश दीवान प्रमोद मानिकपुरी, सुखीदास महंत, संतोष मानिकपुरी, किशन दास, दरोगा दास, सुनील आदि उपस्थित थे।

## अग्रसेन भवन कटघोरा में कराया गया योग

# योग दिवस पर अलग-अलग संस्थाओं ने किया सामूहिक योग का आयोजन



योगाभ्यास करते नगरवासी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

योग को भारत समेत विश्व का वरदान माना जाता है। अब तो पूरी दुनिया 21 जून को इस योग को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाती है बेशक योग के जरिए आज दुनिया भर के लोग एक स्वस्थ जीवनशैली की ओर कदम बढ़ा रहे हैं साथ ही इसे सिखाने वालों की संख्या भी काफी तेजी से बढ़ी है खास बात यह है कि योग सिखाने वालों में खासी संख्या महिलाओं की भी है, जो न सिर्फ दूसरों का जीवन सुधार रही हैं, बल्कि योग के माध्यम से वे अपनी जिंदगी में भी आत्मनिर्भर हुई हैं।

कटघोरा के योगा समिति के द्वारा अग्रसेन भवन कटघोरा के ऊपरी तल में पिछले 5 महीनों से योगभायास प्रशिक्षण कराया जा रहा है। वहीं योग समिति के द्वारा सैंकड़ों की संख्या में नगर के नागरिक महिलाएं व बच्चे योग किये ततपश्चात योग की समाप्ति के पश्चात योग समिति के द्वारा अंकुरित चना सलाद व पौष्टिक जूस का भी इंतजाम किया गया था, जिसे बनाने में सजन अग्रवाल व उनकी पूरी टीम का योगदान सराहनीय रहा साथ ही योग को पिछले कई वर्षो से लगातार करा रहे योग गुरु सजन अग्रवाल, सुरेंद्र अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, डिक्सेना, रॉकी जगवानी, पुष्पमाला व श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। शुरुआत में 5 लोगों के द्वारा योगाभायास प्रारम्भ किया गया जो कि आज बढ़ते बढ़ते पुरुषों की संख्या लगभग 40 व महिलाओं व बच्चो की संख्या करीब 15 से 20 हो गई है। अग्रसेन भवन के ऊपरी छत पर करीब 5:30 बजे से करीब 7 बजे तक सभो के द्वारा नियमित किग किया जाता है, इस अवसर पर योगा समिति के योग गुरु सुरेंद्र अग्रवाल ने बताया कि आज की दिन चर्या में जिस पप्रकार से खान पान रह गया है। उसके लिए नियमित रूप से हर व्यक्ति को योग करना चाहिए। आज इस योग शिविर में जिस प्रकार से महिलाएं व बच्चे भाग लेते हुए पिछले कई वर्षों से लगातार योग कर रहे है निश्चित ही इससे इन सभो को लाभ मिल रहा है।

### अमृत सरोवर स्थलों में किया गया योगाभ्यास



महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजनांतर्गत जिले के ग्राम पंचायतों में बनाए गए अमृत सरोवर स्थलों, स्कूल, आंगनबाड़ी एवं ग्राम पंचायत भवन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों, हितग्राहियों ने विभिन्न प्रकार के योगाभ्यास करके स्वयं और समाज के लिए योग का संदेश दिया। कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देशन व सीईओ जिला पंचायत संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य, कल्याण और प्रकृति के साथ सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए अमृत सरोवर के तटों, स्कूल, आंगनबाड़ी एवं ग्राम पंचायत भवनों में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। जहां पर ग्रामीणों, हितग्राहियों ने योग के विभिन्न आसन, अनुलोम-विलोम, प्राणायाम, ताड़ासन, भुजंगासन, वज्रासन आदि आसनों का अभ्यास किया गया। अमृत सरोवर तटों, स्थलों, स्कूल, आंगनबाड़ी एवं ग्राम पंचायत भवनों में योग दिवस के अवसर पर स्थानीय समुदाय आमजन, सरकारी अधिकारी-कर्मचारी एवं हितग्राहियों के लिए योग सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें योगासन, प्राणायाम और ध्यान संबंधित क्रिया शामिल हैं।

### माध्यमिक विद्यालय छुईहापारा में मनाया गया योग दिवस



शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय छुईहापारा संकुल कटसीरा में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विद्यालय के प्रधानपाठक ब्रम्हा नंद राठौर द्वारा योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रधानपाठक श्री राठौर ने योग साधना, योग चिकित्सा, प्राणायाम भ्रामरी, अनुलोम विलोम, कपालभाति, भस्त्रिका के बारे में जानकारी दी। योग के विभिन्न आसन जैसे बज्रासन, सुखासन, पद्मासन, सिद्धासन, ताड़ासन, मंडूकासन, उत्कटासन, हलासन, भुजंगासन, नौकासन, शशकासन, शवासन, रेचक, पूरक क्रिया, वक्रासन आदि विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया गया। उन्होंने बताया कि योग और प्राणायाम के द्वारा शरीर के जटिल रोग को भी समाप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में एसएम सी के अध्यक्ष विजय मनहर, श्रीमती राजेश्वरी राठौर, प्रेमलता, आशा कश्यप, चंद्रप्रभा, कुसुम बाई कुर्रे, कु किरण, कु सोनिया, कु प्राची राठौर, चिराग राठौर, कु साधना कश्यप ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### बीकन इंग्लिश स्कूल में मनाया गया योग दिवस



बीकन इंग्लिश हाई स्कूल एसईसीएल ढेलवाडीह में योग दिवस का आयोजन किया गया। योग प्रशिक्षकों द्वारा माता सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर योगाभ्यास प्रारंभ किया। इस अवसर पर प्राचार्या श्रीमती मीना शर्मा, एसपी सोना, प्रेरणा तिवारी, बसंती ठाकुर, आरके राठौर, श्वेता राणा, गिरजेश्वरी कैवर्त, कुसुम सहिस, अन्नु मंडल, सीता पटेल, रामेश्वरी पटेल इत्यादि शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएँ एवं पालकण उपस्थित रहे। सभी ने सुबह 7 बजे से 9 तक योग किए। योग साधिका कु.जिज्ञासा द्वारा विभिन्न आसनों का प्रदर्शन किया गया। वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती शीलप्रभा सोना ने अभार व्यक्त किया।

### प्रगतिनगर श्रमवीर मैदान में किया गया योगाभ्यास



एसईसीएल दीपका के श्रमवीर मैदान प्रगति नगर में स्पोर्ट्स खिलाड़ियों ने 21 जून योगा डे पर योगाभ्यास किया। खेलों में योग का भी खास महत्व रहता है। मौजूदा समय में खिलाड़ी अपनी एकाग्रता और शारीरिक संतुलन को बढ़ाने योग का सहारा लेते हैं। इसी को ध्यान में रखकर दीपका के वरिष्ठ फुटबॉल खिलाड़ी देवेंद्र स्वाई ने खेल मैदान में सभी को योग कराया। योगासन करने से नकारात्मक ऊर्जा नही आती हैं। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग क्रिया के माध्यम से पूरे विश्व को हम अच्छा संदेश दे रहे हैं। सभी खिलाड़ियों ने योग के सभी क्रियाओं को किया और अंतिम प्रोटोकॉल अट्टाहस के साथ योगासन के साथ समाप्त किया।

### भाजपा बालको मंडल ने किया योगाभ्यास



भारतीय जनता पार्टी बालको नगर मंडल द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर श्री राम मंदिर प्रांगड़ में योग का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें आर्ट ऑफ लिविंग के योगाचार्य महावीर अग्रवाल, मनीषा अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष शिवबालक सिंह तोमर,जिला उपाध्यक्ष आलोक सिंह, पूर्व एल्डरमैन सत्येंद्र दुबे,महामंत्री लुकेश्वर चौहान, शैलेंद्र सिंह,महिला मोर्चा महामंत्री महेश्वरी गोस्वामी,हेमलता निर्मलकर, रेणु प्रसाद, केशव चंद्रा, लखन चंद्रा, राजकुमार अज्ञेय, रामकिशोर शर्मा,अशोक पटेल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### भाजपा दर्री मंडल में योगाभ्यास का आयोजन




अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी मंडल दर्री ने मंगल भवन दर्री में योगाभ्यास का कार्यक्रम रखा। कार्यक्रम में योग गुरु विनोद गुप्ता द्वारा योगाभ्यास कराया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मण्डल अध्यक्ष ईश्वर प्रसाद साहू द्वारा भारत माता के तैलयाचित्र पर माल्यर्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। योग गुरु विनोद गुप्ता का स्वागत एकल फूल से श्री साहू द्वारा किया गया। श्री गुप्ता के द्वारा अपने सम्बोधन में योग से होने वाले लाभ के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई और अपने अपने घर में रोजाना योग कर अपने स्वास्थ, मन मस्तिक, को योग के माध्यम से तंदुरुस्त करने की बात कही। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सहित उपाध्यक्ष राज जायसवाल, भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष सुनील भट्टपहरे , मंडल महामंत्री मनोज लहरे, पार्षद बुधवार साय यादव, किसान मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी नारायण राजपूत, युवा मोर्चा के महामंत्री जनक सिंह राजपूतमहिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष कालिंद्री राजवाड़े, शक्ति केंद्र संयोजक गुरेंद्र साहू, मीडिया प्रभारी धनंजय कश्यप, अरुण सिंह सहित कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के प्रभारी राज जायसवाल व सहप्रभारी मनोज लहरे द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चैतमा में मना योग दिवस



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चैतमा में राष्ट्रीय सेवा योजना जिला प्रशासन कोरबा, अटल बिहारी वाजपेयी विश्विद्यालय बिलासपुर, क्षेत्रीय निर्देशालय भोपाल के निर्देश पर आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी कर्मचारी, आर्ट ऑफ लिविंग, स्काउड गाइड, ग्राम के वरिष्ठ नागरिकों के संयुक्त तत्वाधान में महामाया मंदिर चैतमा में योगा दिवस मनाया गया। योगा दिवस पर अमरनाथ केंवट, उपसरपंच सुकालु प्रजापति, लक्ष्मी केवर्त, डीके आदिले, शीतल शर्मा, लक्ष्मीनारायण जायसवाल, अनवर खान, कुशल महंत, जयप्रकाश प्रजापति प्राचार्य संरक्षक चंद्राणी सोम, प्राचार्य पाली मनोज सराफ योग अभ्यास के विभिन्न आसान का अभ्यास करवाया। योग दिवस पर राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम वीरेन्द्र कुमार बंजारे, व्याख्याता सुरेन्द्र सिंह नेटी, स्काउड प्रभारी भगीरथी श्रीवास, विंध्यराज राज, प्रज्ञा दास, नाबीउल्ला सिद्दिकी, आशीष उपाध्याय, मुरारीलाल धीवर, चन्द्र मुखी साहू सहित अन्य शामिल रहे।

# राजा मोदी एवं संगीता झुनझुनवाला को मिला अग्रश्री उद्यमी पुरस्कार



पुरस्कार प्राप्त करते उद्यमी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के तत्वाधान में 8 जून 2024 को कोलकोता के होटल हिन्दुस्तान इंटरनेशनल मे आयोजित अंतर्राष्ट्रीय प्रथम अग्र विभूति अलंकरण समारोह 2024 का भव्य आयोजन किया गया जिसमें देश के सभी प्रांतो से अग्रवाल सम्मेलन के पदाणिकारीगण एवं सदस्यगण बडी संख्या में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के द्वारा 32 विभिन्न क्षेत्रों में विशेष उपलब्धि प्राप्त करने वाले विभूतियों को पुरस्कृत किया गया। कोरबा नगर के लिये अत्यंत ही गौरव एवं गर्व की बात है कि इसमें कोरबा के कृष्णा ग्रुप के डायरेक्टर राजा मोदी को उद्योग एवं व्यापार के क्षेत्र में परचम लहराने पर अग्रश्री उद्यमी पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। उन्हें ये पुरस्कार अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार मिततल एवं राष्ट्रीय संयोजिका श्रीमती उमा बंसल एवं संगठन के पदाधिकारियों के द्वारा प्रदत किया गया। इसी कडी में अग्रश्री महिला उद्यमी पुरस्कार हेतु कृष्णा ग्रुप की डायरेक्टर श्रीमती संगीता झुनझुनवाला को चयनित किया गया, जिन्होंने अपने अथक परिश्रम से अल्प समय में ही व्यापार के क्षेत्र में अपना परचम लहराया ही साथ ही साथ व्यापार के क्षेत्र में अपनी एक अलग पहिचान बनाई एवं उपलब्धि प्राप्त की उनके इन गुणों को देखते हुए उन्हे उक्त पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। राजा मोदी एवं संगीता झुनझुनवाला ने बताया कि अथक परिश्रम से ही आज कृष्णा ग्रुप ऑटो मोबाईल के क्षेत्र में अपना एक अलग स्थान बनाया है। सम्मेलन के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय संयोजिका एवं पदाधिकारियों ने राजा मोदी एवं संगीता झुनझुनवाला के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# टिकरीपारा में पानी की विकराल समस्या तालाब का पानी पीने ग्रामीण मजबूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

भीषण गर्मी अब अपने अंतिम पड़ाव पर है। मानसून का आगमन हो चुका है। इसके बाद भी पानी की समस्या बनी हुई है। टिकरीपारा में पानी की समस्या विकराल रूप ले चुकी है। गांव का हैंडपंप खराब हो जाने से तालाब के पानी को पीने के लिए टिकरीपारा वासी मजबूर हैं। जिसे लेकर वार्ड की महिलाओं ने हैंडपंप के सामने विरोध प्रदर्शन कर अपना आक्रोश जाहिर किया।

**खास बात**

- वार्ड की महिलाओं ने हैंडपंप के सामने खड़ा होकर किया विरोध प्रदर्शन

पाली ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत मुड़ापार के वार्ड क्रमांक 14 टिकरी पारा में पानी की विकराल समस्या बनी हुई है।रविवार को मोहल्लावासी हैंडपंप के समीप पहुंच गए और विरोध प्रदर्शन करने लगे। उनका आरोप है कि सरपंच सचिव के द्वारा पानी की समस्या का निराकरण नहीं किया जा रहा है। मोहल्लावासी तालाब के पानी पीने को मजबूर हैं। शासन की योजना के तहत मूलभूत कार्य के लिए राशि आवंटन किया जाता है। मगर ऐसा प्रतीत होता है कि ग्राम सरपंच मूलभूत राशि का सही उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। ऐसी ही समस्या मुड़ापार के अलग-अलग मोहल्ला में पानी बनी हुई है ।



टिकरीपारा के निवासी।

टिकरीपारा में दो जगह बोर खनन हुआ है, जिसमें एक हैंडपंप खराब हो चुका है। अगर उसमें सफाई कार्य कर मशीन को लगाया जाए तो हैंडपंप चालू हो जाएगा। इसी तरह एक वर्ष पूर्व एक बोर खनन हुआ है। जिसमें मोटर फंसने की बात कही गई है। उसे भी निकाल कर अगर सरपंच सचिव के द्वारा ध्यान दिया जाए तो यह भी बोर काम सकता है। ग्रामीणों का आरोप है कि सरपंच ऐसे कार्य को दरकिनार कर रहा है। उनका मानना है कि सरपंच अगर गंभीरता दिखाए तो दो दिनों में पानी की समस्या को दूर कर सकता था, लेकिन पूरी गर्मी के समय मोहल्ला वासी आसपास से पानी मांग कर अपना जीवन यापन करने को मजबूर रहे। ग्रामीणों का कहना है कि पूरा क्षेत्र अभिशापित है, खदान क्षेत्र होने के बाद भी डीएमएफ फंड का सही उपयोग नहीं किया जा रहा है। यही वजह है कि मुड़ापार के लोग परेशानी भरा जीवन जीने को मजबूर हो रहे हैं। इस संबंध में सरपंच विजय सिंह मरावी से फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। प्रदर्शन के दौरान यशोदा बाई, बृज बाई, सुशीला बाई, अमृता, बिरस बाई, फिरतीन, हेमलता बाई, सफिन बाई, नेवसिहिन, बिरगहीन, माया बाई सहित महिला पुरुष उपस्थित रहे।

## चंद्रयान तीन विश्व कीर्तिमान पुस्तक का नाम गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

देश की वैज्ञानिक उपलब्धि चन्द्रयान तीन की सफलता को समर्पित पुस्तक चन्द्रयान तीन विश्वकीर्तिमान विश्वस्तरीय पद्य संकलन को गोल्डेन बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड में स्थान प्राप्त हुआ। जिसे मूर्त रूप देने में 123 साहित्यकारों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जिसमें जिले की कवियित्री श्रीमती रसीदा बानों मारकंडेय ने अमर रहे भारत की धरती के माध्यम से अपना योगदान दिया। इसके लिए उन्हें गोल्डेन बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड के साथ साथ छत्तीसगढ़ संस्कृति विभाग, वैदिक प्रकाशन व छत्तीसगढ़ स्वाभिमान संस्थान की ओर से भी सम्मानित गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में बृजमोहन अग्रवाल (संसदीय संस्कृति एवं शिक्षा मंत्री ), अति विशिष्ट अतिथि राजेश्री महंत रामसुंदर दास (पीठाधीश्वर दूधाधारी एवं शिवरिनारायण मंदिर, विशिष्ट अतिथि डॉ. सुशील त्रिवेदी (पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त छत्तीसगढ़ शासन), उदयभान सिंह चौहान (छत्तीसगढ़ स्वाभिमान संस्थान अध्यक्ष), सोनम शर्मा (गोल्डन बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड छत्तीसगढ़ प्रभारी), स्नेह लता पाठक (हास्य व्यंगकार), रामेश्वर वर्मा (वरिष्ठ साहित्यकार), सम्पादक द्वय डॉ. आशा आजाद एवं डॉ उर्मिला 'उर्मि' की उपस्थिति रही। उक्त सम्मान से क्षेत्र का गौरव बढ़ गया है ज्ञात हो कि शिक्षिका रशीदा ग्राम बिंझरा की निवासी हैं एवं आश्रम शाला बिंझरा में पदस्थ हैं, जो कि कवियत्री होने के साथ साथ शिक्षिका भी हैं एवं अपने कविताओं के माध्यम से देश की समस्याओं एवं गौरव के क्षणों को अपने शब्दों के माध्यम से कविता में पिरोती हैं।



## कोरबा मार्केट

**अपना फार्मेसी**
डॉक्टर सेवा उपलब्ध
डॉ.प्रियंका गोयल
MBBS, DGO Gold Medalist
प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
गर्भाशय की कैंसर, गर्भनिरोधक परामर्श एवं अन्य स्त्री रोगों की परामर्श एवं ईलाज
सोम से शनि शाम 4 से 6 बजे तक
डॉ.बी.के. झलरिया
MBBS
फैमिली एवं जनरल फिजिशियन
मधुमेह, रक्तचाप, दम, बुखार, शारीरिक कमजोरी एवं अन्य सभी प्रकार के रोगों का ईलाज
सोम से शनि शाम 5 से 7 बजे तक
डॉ.स्नेहा चंद्रा
B.A.M.S.
प्रातः 9.30 से 2.00 बजे तक
सर्दी, खांसी, बुखार, श्वांस रोग, चर्म रोग, सफेद दाग, नसों व जोड़ों में दर्ज, मधुमेह, शिशु रोग का उपचार
सुभाष चौक के पास निहारिका, कोरबा
मो.9340230710

**विद्यार्थी बचत योजना**
कक्षा XI, XII, CBSE एवं CG की BA, B.Com, Bsc एवं MA, M.Com Msc व PET NEET, JEE की पुरानी पुस्तकें लाइये एवं बदले में नई अथवा पुरानी पुस्तकें ले जाइये
**विद्यार्थी बुक डिपो**
रेलवे ओव्हर ब्रिज के नीचे अग्रसेन चौक कोरबा, मो. 8817230745

24 korba-bhoomi pg4_Layout 1 6/24/2024 11:53 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### आईटीआई पोड़ी-उपरोड़ा में प्रवेश हेतु आवेदन 3 तक आमंत्रित

**कोरबा।** शासकीय आईटीआई पोड़ी-उपरोड़ा में सत्र 2024-25 अंतर्गत व्यवसाय कोपा, आईओटी टेक्नीषियन (स्मार्ट एग्रीकल्चर) एवं आईओटी टेक्नीषियन (स्मार्ट हेल्थकेयर) में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी 3 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन/रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए विभागीय वेबसाइट का अवलोकन कर सकते हैं।

### निःशुल्क कैंसर जांच शिविर आज

**कोरबा।** जिला मारवाड़ी युवा मंच एवं सेवा भारती की के संयुक्त तत्वावधान द्वारा निःशुल्क कैंसर जांच शिविर का आयोजन 25 जून को समय 11 बजे से शाम 4 बजे तक विवेकानंद सेवा सदन बुधवारी बाईपास में किया गया है। समिति ने समस्त शहर वासियों से अपील की गई है कि उक्त शिविर में शामिल होकर लाभ लें।

### थमी लीलागर नदी अब बहने लगी

**हरदीबाजार।** इस वर्ष गर्मी अपने पूरे शबाब पर था, तापमान 45 डिग्री तक हो गया था, जिससे क्षेत्र का जलस्तर बहुत नीचे चला गया था। वहीं क्षेत्र से होकर बहने वाली लीलागर नदी की धारा थम गई थी और नदी में यदा कदा स्थानों पर कुछ पानी ठहरा हुआ था। जैसे ही मानसून ने अपनी दस्तक दी तो दो-तीन दिनों में हुई झमाझम बारिश से क्षेत्र की जीवनदायिनी लीलागर नदी में जान आई और धार बहने लगी।

### पहली बारिश से एनएच में जलभराव, घरों में घुसा पानी

**कोरबा।** एनएच ग्रामीणों की परेशानी का सबब बन गया है। एनएच ने सड़क का निर्माण तो कर दिया लेकिन बरसात में जमा होने वाले पानी की निकासी का इंतजाम करना भूल गया। यही वजह है कि पहली बारिश में ही लोगों को जलभराव से परेशान होना पड़ गया। दरसअल पाली के डूमरकछार में रात्रि बारिश होने के कारण ग्राम डूमरकछार ब्रिज के समीप निचली बस्तियों में पानी निकासी की व्यवस्था नहीं होने से घरों में पानी घुस गया। इस बारिश से डूमरकछार सहित अन्य निचली बस्ती में रहने वाले लोगों को परेशान होना पड़ा। यहां रहने वाले लोगों ने बारिश को लेकर घरों में किसी प्रकार के इंतजाम नहीं किए थे। तेज बारिश के बाद जब बस्ती के इन घरों में पानी घुसा तो घर गृहस्थी का सामान तक गीला हो गया। बाद में पाली तानाखार विधायक तुलेश्वर मरकाम ने एन एच ए आई को व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। जिसके बाद कर्मियों द्वारा नाली की सफाई व सड़क में जाम पानी को निकालने की व्यवस्था की गई।

### नेहरू नगर में यूथ हॉस्टल में किया गया पौधरोपण, होगा संरक्षण

**कोरबा।** यूथ हॉस्टल एसोसिएशन छत्तीसगढ़ द्वारा मानसून सत्र में पर्यावरण को लेकर भी अपने सामाजिक सरोकार दिखाए जा रहे हैं। इसी श्रृंखला में संगठन की ओर से पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन 23 जून को नेहरू नगर में किया गया। इस दौरान जामुन, अमरूद, चीकू व अन्य फलों के पौधे लगाए गए। यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया के सदस्यों ने पौधों की सुरक्षा की शपथ ली। कार्यक्रम में पति परिवार, सेठ परिवार, शर्मा परिवार, ताम्रकार परिवार एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का आयोजन यूनिट चेयरमैन संदीप सेठ के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम के बाद सभी को जलपान कराया गया। आयोजन करने वाले संगठन की ओर से बताया गया कि पिछले वर्षों में हसदेव नदी के किनारे भी इस प्रकार की कोशिश की गई है ताकि क्षेत्र की जनता को लाभ देने के साथ और वहां के पर्यावरण को बेहतर किया जा सके। इसी तरह वाईएचएआई इकाई छग राज्य द्वारा पौधारोपण किया गया और पौधों की सुरक्षा की शपथ ली। कार्यक्रम में पति परिवार, सेठ परिवार, शर्मा परिवार, ताम्रकार परिवार एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का आयोजन यूनिट चेयरमैन संदीप सेठ के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम के बाद सभी को लघु जलपान कराया गया।

### कलेक्टर ने जनचौपाल में सुनी आम नागरिकों की समस्याएं

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत ने सोमवार को जन चौपाल में लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने प्रकरण अनुसार संबंधित अधिकारियों को आवेदन प्रेषित करते हुए नियमानुसार निराकरण के निर्देश दिए हैं। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जन चौपाल में लोगों ने अलग-अलग समस्याओं के निराकरण हेतु आवेदन दिया। अपनी अनाथ बहन को छात्रावास में दाखिला हेतु आवेदन करने पहुंची कुमारी राशी सूर्यवंशी ने जब कलेक्टर को बताया कि उसकी बहन दीपिका अनाथ है और वह हॉस्टल में रहकर आगे की पढ़ाई करना चाहती है, इसी तरह जनचौपाल में सुखबाई अपनी पुत्री संध्या सहिस को छात्रावास में दाखिला हेतु निवेदन किया तो कलेक्टर ने सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग को निर्देशित कर छात्रावास में प्रवेश के निर्देश दिए। दुरपा की मेधावी छात्रा तस्मिया अंसारी ने अपनी आर्थिक स्थिति खराब होने की जानकारी देते हुए महाविद्यालय में प्रवेश की इच्छा जताई। कलेक्टर ने छात्रा की प्रतिभा को देखते हुए महाविद्यालय में प्रवेश की बात कही। जनचौपाल में कुल 63 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर जनचौपाल में कनकी के ग्रामीणों ने बड़े झाड़ के जंगल, चरई की भूमि को कब्जा से मुक्त कराने की मांग की।

# रोजगार से विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों का होगा सामाजिक व आर्थिक विकास: लखनलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

आज का दिन ऐतिहासिक है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खनन प्रभावित क्षेत्र के विकास के लिए डीएमएफ का प्रावधान किया था, आज इसका लाभ धरातल पर नजर आ रहा है। जिले के मूल निवासी पहाड़ी कोरवाओं और बिरहोरों को डीएमएफ से रोजगार मिलने जा रहा है, यह एक बड़ी उपलब्धि है। किसी भी परिवार में एक सदस्य को भी नौकरी मिल जाती है तो परिवार खुशहाली के रास्ते पर आगे बढ़ता है, ठीक रोजगार मिलने से पहाड़ी कोरवा तथा बिरहोर जनजाति समाज का आर्थिक तथा सामाजिक विकास होगा और वे विकास के रास्ते पर आगे बढ़ेंगे।

उक्त बातें उद्योग एवं श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने जिले में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय पहाड़ी कोरवा और बिरहोर जनजाति के 108 बेरोजगार युवाओं को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समारोह में प्रमाण पत्र प्रदान करने के दौरान कही। श्री देवांगन ने कहा कि डीएमएफ से मानदेय के आधार पर 79 विशेष पिछड़ी जनजाति परिवार के युवाओं को भृत्य तथा 29 युवाओं को अतिथि शिक्षक के रूप में रोजगार प्रदान किया गया। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों को विकास की राह पर आगे लाने निरंतर प्रयासरत हैं। प्रधानमंत्री जनमन योजना के माध्यम से उन्होंने पीवीटीजी निवासरत क्षेत्रों में बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति कर उनकी समस्याओं का निराकरण किया है। जिला खनिज न्यास मद से क्षेत्र का विकास होने के साथ ही रोजगार के अवसर भी पैदा हो रहे हैं। रोजगार प्राप्त करने वाले युवा अनावश्यक इस रोजगार को न छोड़ें और इससे अच्छा अवसर न मिलने तक मन लगाकर कार्य करें। इस दौरान कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिवकला कंवर, महापौर राजकिशोर प्रसाद एवं कलेक्टर अजीत वसंत उपस्थित थे।

## 108 पहाड़ी कोरवाओं-बिरहोर युवाओं को मिली नियुक्ति



### मानदेय में की गई वृद्धि

जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति परिवार के शिक्षित सदस्यों को नियुक्ति प्रमाण पत्र प्रदान करने के साथ ही मुख्य अतिथि उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने स्कूलों में भृत्य और अतिथि शिक्षक के रूप में कार्य करने वाले युवाओं का मानदेय की राशि में दो-दो हजार रूपए वृद्धि का आग्रह किया। जिसे कलेक्टर ने सहर्ष स्वीकार करते हुए मानदेय में वृद्धि करने की बात कही। अब 6 हजार मानदेय के बदले 8 हजार, 8 हजार मानदेय के स्थान पर 10 हजार रूपए और 10 हजार मानदेय के स्थान पर 12 हजार रूपए दिया जाएगा।

## निजी स्कूलों में शासन की नि:शुल्क किताबों की हो रही आपूर्ति

# कल से खुलेंगे स्कूल, मनेगा शाला प्रवेशोत्सव, अब गणवेश का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्रीष्माकालीन अवकाश के बाद 26 जून से स्कूल खुलने जा रहे हैं। शाला प्रवेशोत्सव के बाद नए शिक्षण सत्र की शुरुआत होगी। शासन की निःशुल्क किताबें वितरण के लिए स्कूलों में पहुंचा दी गई है। परंतु गणवेश अभी भी शहर के साथ साथ ग्रामीण अंचलों के स्कूलों में वितरण के लिए नहीं पहुंचे हैं। इनकी आपूर्ति में एक पखवाड़े का समय लगने की जानकारी सामने आई है।

**खास बात**

- विकास खंड मुख्यालय से किताब वितरण की मांग की गई

निःशुल्क किताबें व गणवेश वितरण को लेकर जिला प्रशासन ने मई महीने के अंतिम सप्ताह से तैयारियां शुरु कर दी थी। पाठ्य पुस्तक निगम के बिलासपुर कार्यालय को स्कूलों से दर्ज संख्या लेकर किताबों के लिए डिमांड लेटर भेजा गया था। उसके हिसाब से किताबों की आपूर्ति स्कूलों में कर दी गई है। इसके अलावा गणवेश वितरण को लेकर जिला प्रशासन ने राज्य शासन को स्कूलवार छात्रों की दर्ज संख्या शासन को भेजी थी जिसमें जिले के प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक स्कूल के छात्रों के संख्या का उल्लेख किया गया था। ताकि वितरण के समय कोई छात्र गणवेश के लिए वंचित न रहे। पूर्व में 16 जनू से स्कूल खुलने थे, जिसके मद्देनजर किताबों की आपूर्ति जन शिक्षा केंद्रों में सीधे पाठ्य पुस्तक निगम के द्वारा करा दी गई। किंतु ग्रीष्मकालीन अवकाश एक सप्ताह बढ़ाए जाने के कारण किताबों की आपूर्ति के लिए प्रशासन को एक सप्ताह का समय और मिल गया। लिहाजा ऐसे स्कूलों में भी किताबें पहुंच गई है जहां 16 जून तक किताबें नहीं पहुंची थी। किंतु गणवेश का वितरण अभी भी नहीं हो सका है। जिसके लिए 25 दिन पूर्व ही मांग पत्र भेजा जा चुका था। गणवेश को लेकर यह जानकारी मिली है कि राज्य शासन से ही आचार संहिता की वजह से आपूर्ति में देरी हो रही है।



फाइल फोटो

### निजी स्कूल को जिला मुख्यालय में मिली किताबें

इस वर्ष से निजी स्कूल प्रबंधन को निःशुल्क किताबों के लिए पाठ्य पुस्तक निगम कार्यालय बिलासपुर नहीं जाना पड़ेगा। जिला मुख्यालय में किताबों का वितरण नहीं होने से निजी स्कूल प्रबंधन को बिलासपुर जाने की मजबूरी रहती है। वहीं सरकारी स्कूलों को जिले में ही पाठ्य पुस्तक निगम के द्वारा किताबों की आपूर्ति की जाती है। इस वर्ष जिला प्रशासन ने निजी स्कूल प्रबंधन को भी जिला मुख्यालय में ही किताबें मिलने की सुविधा दी है।

### एक लाख 10 हजार छात्र

जिले के प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक स्कूल में 1 लाख 10 हजार छात्र अध्ययनरत हैं। जिन्हें निःशुल्क किताबों के साथ गणवेश का वितरण किया जाना है। ग्रामीण अंचलों के स्कूलों को वितरण के लिए प्राथमिकता दी गई है। दूर दराज क्षेत्रों में स्थित होने के कारण हमेशा यहां किताबों और गणवेश का वितरण आधा सत्र गुजरने के बाद होता है। पूर्व में इसी तरह की स्थिति सामने आई थी। जिसके मद्देनजर इस वर्ष किताबों और गणवेश के वितरण को लेकर ग्रामीण अंचलों के उन स्कूलों को प्राथमिकता दी गई है जिनकी ब्लाक मुख्यालय से दूरी 50 किमी या उससे अधिक है। ऐसे स्कूलों की संख्या पोड़ी उपरोड़ा और पाली ब्लॉक में ज्यादा है।

### दी जा रही हैं किताबें

निःशुल्क किताबों का वितरण सभी सरकारी और निजी स्कूलों में शुरु हो गया है। जिला मुख्यालय के साथ ब्लॉक मुख्यालय में सभी किताबें पहुंचा दी गई है। गणवेश के लिए भी वितरण की कार्यवाही जल्द ही शुरु की जाएगी। गणवेश कुछ स्थानों में एक साथ पहुंच चुके हैं।
-टीपी उपाध्याय, डीईओ

# 352 श्रमिकों को आवास निर्माण के लिए सहायता राशि स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना के तहत वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन के निर्देश पर प्रदेश के कुल 352 श्रमिकों को 1-1 लाख रुपए सहायता राशि की स्वीकृति दी गई है। छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को स्वयं के भू-खंड पर आवास अथवा नवीन आवास क्रय के लिए पात्र हितग्राहियों को मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना के तहत राशि दी जाती है। आचार संहिता के हटने के उपरांत वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने श्रम विभाग की बैठक लेकर सभी योजनाओं की समीक्षा की थी। समीक्षा बैठक में श्रम मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया था की मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना के पात्र हितग्राहियों को तत्काल राशि जारी करें। कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन के निर्देश पर प्रदेश भर के 352 हितग्राहियों को राशि स्वीकृत की गई। हितग्राहियों को डीबीटी के माध्यम से उनके खाते में 1-1 लाख रुपए की राशि दी जाती है। श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने सभी जिलों के श्रम विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि इस योजना के तहत अधिक से अधिक पात्र श्रमिक हितग्राहियों को लाभ दिलवाएं। श्रमिकों को फॉर्म भरने और जमा करने में उनकी मदद करें।

**खास बात**

- श्रम मंत्री के निर्देश पर जारी की गई राशि

# थर्ड जेंडर के साथ अनाचार करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



आरोपी

एक थर्ड जेंडर को शादी का झांसा देकर उसके साथ गाली गलौच व मारपीट कर अप्राकृतिक अनाचार की घटना को अंजाम देने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया है।

ज्ञात हो कि बालको थाना क्षेत्र में निवासरत एक थर्ड ने 18 मई को थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि पितांबर बंजारे नामक युवक ने पहले उसे शादी का झांसा दिया फिर उसके साथ मारपीट व गाली गलौच करते हुए अप्राकृतिक अनाचार की घटना को अंजाम दिया। घटना के बाद से आरोपी पितांबर बंजारे फरार हो गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सिद्धर्थ तिवारी के निर्देश पर बालको थाना प्रभारी अभिनवकांत सिंह के नेतृत्व में आरोपी के धरपकड के लिए एक टीम गठित किया गया जो लगातार पितांबर बंजारे की तलाश में जुटी हुई थी आखिरकार 24 जून को पितांबर बंजारे को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया गया है।

### अश्लील वीडियो अपलोड करने वाला युवक गिरफ्तार

**कोरबा।** महिलाओं एवं बच्चों का अश्लील वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में अपलोड करने के एक मामले में कार्यवाही करते हुए बालको पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक के खिलाफ धारा 67, 67ख आईटी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

# मॉब लिंचिंग की घटना के विरोध में कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रायपुर के आरंग थाना क्षेत्र में महानदी के तट पर कुछ असामाजिक तत्वों ने गौ वंश की तस्करी का आरोप लगाते हुए उत्तरप्रदेश के तीन युवकों की बेराहमी से पीट पीट कर हत्या कर दो युवकों के शव को नदी में फेंक दिया। वहीं तीसरा युवक के इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना में पुलिस ने चार युवाकों को गिरफ्तार किया था लेकीन राजनितिक दबाव में उन चारों युवको को छोड़ दिया गया मसलन इस घटना में लिप्त युवकों के हौसले बुलंद हो गए है। इस घटना से राज्य के सर्व समाज में भारी आक्रोश पनप रहा है। असामाजिक तत्वों को तत्काल गिरफ़्तार कर सख्त सजा दी जाए ताकि ऐसी किसी घटना की पुनरावृत्ति ना हो सके। ज्ञापन सौंपने के दौरान मो आरिफ खान जिला सदर सुन्नी मुस्लिम जमात एवं मो रफीक मेमन जिला कार्यवाहक सदर सुन्नी मुस्लिम जमात उपस्थित रहे।

### सांप के डसने से दो की मौत

**कोरबा।** मानसून के साथ ही जहरीले जीव-जंतु बाहर निकलकर घूमने लगे हैं जिससे खतरा बढ़ गया है। जानकारी के अनुसार जिले के ग्राम पाली और हरदीबाजार क्षेत्र में एक युवक और बच्ची की सांप के डसने से मौत हो गई। पाली विकासखंड के ग्राम बनबांधा में बीती रात लगभग 8 बजे घटित हुई, यहां निवासरत राजू खैरवार 35 वर्ष नामक व्यक्ति को जहरीले सांप ने डस लिया। परिजन ने उसे पाली अस्पताल में भर्ती कराये लेकिन इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। इसी तरह हरदीबाजार के रामपुर गांव में निवासरत बीरबल मरावी की 5 वर्षीय पुत्री ज्ञानवी को सोते समय रात लगभग 2 बजे सांप ने डस लिया। परिजन को जानकारी होने पर उसे पाली अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसने भी इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

### पुलिस ने 3 गुम इंसान को किया गया बरामद

**कोरबा।** पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के द्वारा सभी थाना व चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि गुम इंसान की दस्तयाबी के लिये तत्काल कार्यवाही करें। पुलिस अधीक्षक से प्राप्त निर्देशों के पालन के लिए 23 जून को कुल 3 गुम इंसान को दस्तयाब किया गया। जिसमें थाना कटघोरा, कोतवाली और सिविल लाइन से 1-1 गुम इंसान एवं बालिका को दस्तयाब किया गया। ज्ञात हो कि नाबालिकों के गुम होने के मामले को अति संवेदनशील और गंभीर मामला माना जाता है। अतः प्रत्येक मामले में नाबालिक का अपहरण होने की दृष्टिकोण से देखा जाकर तत्काल अपहरण के धारा 363 भादवि के अंतर्गत एफआईआर दर्ज किया जाता है। पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रत्येक मामले में विशेष टीम का गठन कर बरामदगी हेतु तत्काल प्रयास किया जाता है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज एवं अन्य तकनीकी साक्ष्य की मदद से गुम इंसान को बरामद करने का प्रयास करती है। इसी के अंतर्गत वर्ष 2024 में अभी तक कुल 306 गुम इंसान को बरामद करने में सफलता मिली है।

# वाटर पम्प से पानी खींचने वालों को फिर मिली चेतावनी



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नलों में वाटर पम्प लगाकर घरों में पानी खींचने वालों लोगों को निगम ने पुनः चेतावनी देते हुए कहा है कि वे नलों में वाटर पम्प न लगाएं, उनके द्वारा वाटर पम्प लगाकर पानी खींचने से बाकी घरों में पानी का प्रेशर कम हो जाता है, लोगों को कम पानी मिलने से अनावश्क असुविधा होती है, यदि वाटर पम्प लगाकर पानी खींचते हुए पाया जाता है तो वाटर पम्प जप्त कर अर्थदण्ड लगाने व नल विच्छेदन की कार्यवाही की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि विभिन्न बस्तियों व आवासीय क्षेत्रों से यह शिकायतें समय-समय पर सामने आती है कि कतिपय लोगों द्वारा नलों में टुल्लू पम्प लगाकर पानी खींचा जाता है, परिणाम स्वरूप उक्त क्षेत्र के बाकी घरों में पानी का प्रेशर कम हो जाता है, टुल्लू पम्प लगाने वालों को निगम ने अनेक बार समझाईस दी किन्तु अभी भी शिकायतें आ रही हैं कि कतिपय लोगों द्वारा टुल्लू पम्प लगाए जा रहे हैं। निगम ने इन लोगों को पुनः कड़ी चेतावनी दी है कि वे नलों में टुल्लू पम्प न लगाएं अन्यथा टुल्लू पम्प को जप्त कर लिया जाएगा, अर्थदण्ड भी लगाया जाएगा तथा नल विच्छेदन की कार्यवाही भी होगी।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## दादरखुर्द छोटे पुरी के नाम से है प्रसिद्ध

# 122 साल से निकाली जा रही है रथ यात्रा, तैयारी जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आषाढ़ माष में प्रतिवर्ष मनाया जाने वाला रथयात्रा पर्व की तैयारियां शुरु हो गई है। जिले में दादरखुर्द की सबसे पुरानी रथ यात्रा का अपना एक अलग महत्व है। 7 जुलाई को रथ यात्रा का पर्व मनाया जाएगा। इस अवसर पर दादरखुर्द वार्ड के साथ बालको नगर उपनगरीय क्षेत्र में भी रथ यात्रा निकाली जाएगी। इसके लिए भगवान जगन्नाथ स्वामी के रथ को तैयार किया जा रहा है।

जिले में 6 जुलाई को रथ सजेगा और 7 जुलाई को रथ यात्रा निकाली जाएगी। जगन्नाथ मंदिर दादरखुर्द के पुजारी ने बताया कि 22 जून को भगवान जगन्नाथ, माता सुभद्रा और बलभद्र स्वामी का 51-51 मिट्टी के कलश से औषधीय स्नान कराने की परंपरा निभाई गई। महास्नान के बाद वे 14 दिनों के एकांत में चले चले गए हैं। मान्यता है कि भगवान जगन्नाथ बीमार हो जाते हैं और स्वास्थ्य लाभ लेने 14 दिनों के लिए एकांतवास में चले जाते हैं। इसके कारण श्रद्धालुओं को उनके दर्शन नहीं हो पाता है। भगवान जगन्नाथ 6 जुलाई को नेत्र उत्सव के साथ आम श्रद्धालुओं को दर्शन देने दर्शन मंडप में पधारेंगे। शहर से लगे हुए गांव दादर खुर्द में रथयात्रा की परंपरा 122 साल से नहीं टूटी है। अब शहर के लोग इसे छोटे पुरी के नाम से जानने लगे हैं। इस साल यह 123 वां आयोजन होगा, जब लगातार यहां से भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली जाएगी। रथ यात्रा की तैयारियां अंतिम चरण में है। आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष द्वितीया को रथजुतिया के नाम से कोरबा जिले के विभिन्न गांवों में रथ यात्रा निकाली जाती है। शहर के निकट स्थित ग्राम दादरखुर्द का रथयात्रा उत्सव जिले भर में प्रसिद्ध है। गांव के मंदिर में बलभद्र, सुभद्रा और जगन्नाथ स्वामी की प्रतिमा स्थापित है। आषाढ कृष्ण पक्ष की पहली तिथि से मंदिर का पट महाप्रभु के बीमार होने की वजह से बंद होता है। ब्रह्ममुहुर्त में रथजुतिया के दिन मंदिर का पट खुलेगा। ग्रामीणों ने पर्व के लिए तैयारियां शुरू कर दी है। भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा की प्रतिमाओं को सुसज्जित कर रथ में बिठाया जाता है।



online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
By Train-रिजर्वेशन कोच
25 जुलाई से 07 अगस्त 2024,
22 अगस्त से 03 सितम्बर 2024,
12 सितम्बर से 24 सितम्बर 2024,
02 अक्टूबर से 14 अक्टूबर 2024
सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), वाराणसी (काशी विश्वनाथ), गोरखनाथ मंदिर, पशुपतिनाथ, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), माँ मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फाल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बुढ़ानिलकंड, सांघा), काठमांडू दरबार, भक्तपुर, जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
राशिः-स्लीपर 18500/- 3 एसी 27,500/-2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411